<u>प्रेस विज्ञप्ति</u>

जल संसाधन विभाग कोण्डागांव के कार्यपालन अभियंता 50,000 रू0 रिश्वत लेते गिरफ्तार

प्रार्थी तुषार देवांगन जगदलपुर का निवासी है एवं जल संसाधन विभाग में ठेकेदारी का कार्य करता है। जिला कोण्डागांव में माकड़ी ब्लाक के अनंतपुर स्टॉपडेम सह कॉज़वे के निर्माण कार्य में उसका कार्य चल रहा है जिसके सप्लीमेंट्री ईशु एवं टर्मिनेशन लेटर के निराकरण हेतु श्री टी.आर.मेश्राम, कार्यपालन अभियंता, जल संसाधन विभाग, कोण्डागांव द्वारा 7 लाख रूपये रिश्वत की मांग की जा रही थी। प्रार्थी रिश्वत नहीं देता चाहता था, बल्कि रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़वाना चाहता था अतः उपरोक्त शिकायत उसने एन्टी करप्शन ब्यूरो जगदलपुर में की थी। शिकायत सत्यापन पर आरोपी द्वारा रिश्वती रकम की प्रथम किश्त 50,000 रूपये लेकर आज दिनांक 17.05.2024 को अपने सिंचाई कालोनी कोण्डागांव स्थित शासकीय आवास पर बुलाया। ब्यूरो द्वारा ट्रेप आयोजित कर आरोपी को उसके कोण्डागांव स्थित शासकीय आवास में प्रार्थी से 50,000 रूपये की रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़ा गया। आरोपी को गिरफ्तार कर उसके विरुद्ध धारा 7 पीसीएक्ट 1988 के प्रावधानों के तहत कार्यवाही की जा रही है।